# समृद्ध और सामर्थ्यशाली मप्र बनाना लक्ष्य : डॉ. यादव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की विशाल तिरंगा यात्रा को शौर्य स्मारक तिराहे से रवाना किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को समृद्ध और सामर्थ्यशाली बनाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देकर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार किए जा रहे हैं।


मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल और इंदौर के आसपास के क्षेत्रों को मिलाकर दो मेट्रोपोलिटन सिटी विकसित की जाएंगी। छह जिलों को मिलाकर भोपाल को मेट्रोपोलिटन सिटी का स्वरूप दिया जाएगा, जिससे राजधानी का गौरव बढ़ेगा।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री ने विभाजन के दौरान अपना घर-बार छोड़ने वाले परिवारों के त्याग और पीड़ा को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक धारा फिर एक हो, यही कामना है। तिरंगा यात्रा में महिलाएं, युवा और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। देशभक्ति गीतों और भारत माता के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

# राज्यपाल की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल की ओर से भोपाल के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का उनके घर जाकर सम्मान किया गया। लोकभवन के अधिकारियों ने सेनानियों और उनके परिजनों के निवास पर पहुंचकर शॉल, श्रीफल, मिठाई और उपहार भेंट किए। राज्यपाल की ओर से मोहम्मद जमीर, सावित्री देवी वर्मा, देवीशरण, पार्वती देवी और नारायणी देवी को सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वर्गीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हबीब नजर की पत्नी फिरोज जहां और स्वर्गीय मोहम्मद मुख्तार खान की पत्नी अख्तर जहां का भी सम्मान किया गया।




# एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एलएनसीटी विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सीएमई हॉल, जे.के. अस्पताल में संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन प्रो. अखिलेश पाण्डेय रहे।

प्रो. पाण्डेय ने भारत विभाजन की ऐतिहासिक त्रासदी और उससे उत्पन्न मानवीय पीड़ा को स्मरण करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र की अखंडता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कुलगुरु डॉ. नरेंद्र कुमार थापक ने कहा कि यह दिवस नई पीढ़ी को इतिहास से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। रजिस्ट्रार डॉ. अजीत कुमार सोनी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. अनु श्रीवास्तव सहित प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हरियाली तीज के रंग में रंगा एसबीआई लेडीज क्लब



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारतीय स्टेट बैंक लेडीज क्लब, भोपाल द्वारा हरियाली तीज का उत्सव हर्षोल्लास और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। सावन की फुहारों के बीच आयोजित कार्यक्रम में क्लब की सदस्यों ने भारतीय संस्कृति, लोक परंपरा और नारी उत्सव की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में गायन, झूला और अन्य मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया। हरे रंग की साड़ियों, मेहंदी और आकर्षक लहरिया परिधानों में सजी सदस्याएं विशेष आकर्षण रहीं। लोकगीतों की स्वर-लहरियों के बीच सदस्यों ने नृत्य प्रस्तुत किए।







